उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा अनुभाग–5
संख्या– 761 /पांच–5–2020
लखनऊ : दिनांक : 02 अप्रैल, 2020

**मुख्य सचिव,**
**उ0प्र0 शासन।**

कृपया अपने पत्र संख्या–230/पी0एस0एम0एस0/2020 दिनांक 29.03.2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से कोविड–19 की वर्तमान स्थित की विस्तृत समीक्षा करते हुए लाजिस्टिक के विभिन्न घटकों की आवश्यकता तथा आइसोलेशन बेड्स क्वारंटाइन बेड्स, टेस्टिग क्षमता, प्रशिक्षित चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टॉफ इत्यादि से संबंधित सूचनाएं मांगी गयी है।

2– इस संबंध में अवगत कराना है कि प्रदेश के सरकारी व निजी चिकित्सालयों में वेन्टीलेटर्स पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अस्पतालों में कोरोना संबंधी मरीजों हेतु आइसोलेशन बेड्स 5026 एवं क्वारंटाइन बेड्स 10671 चिन्हित कर लिये गये हैं। L1, L2 एवं L3 अस्पतालों में समस्त जनपदों में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा चिन्हित कर लिया गया है। प्रदेश में कुल 51 सरकारी एवं निजी मेडिकल कालेजों में भी कोरोना से संक्रमित मरीजों का उपचार हो रहा है। कोविड–19 से संक्रमित मरीजों के उपचार हेतु आवश्यक सामग्री मेडिकल सप्लाई कार्पोरेशन द्वारा क्रय करके उपलब्ध करायी जा रही है। उ0प्र0 में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पास एन–95 मास्क (1,37,980), पी0पी0ई0किट (10,000), पैरासीटामाल (9.91करोड), एजिथ्रोमाईसिन (0.77करोड), हाइड्राक्सी क्लोरोक्विन (2,14,500) ट्रिप्पल लेयर मास्क (6,49,950) सेनेटाइजर (26,340) उपलब्ध हैं।

3– उल्लेखनीय है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कोरोना वायरस से वर्तमान एवं भविष्य की स्थिति से निपटने के लिए निरन्तर तैयारी की जा रही है।

2.4.20

**( अमित मोहन प्रसाद )**
प्रमुख सचिव।

Com 4 uo-vk